हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, बुधवार 11 फरवरी 2026

11 एसडीईएम अवकाश पर, डीआरओ के पास दो...



12 युवा उत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं बल्कि...




## खबर संक्षेप

### अपहरण के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** हांसी क्षेत्र के एक गांव में स्कूल जा रही एक नाबालिग लड़की की अपहरण करने के प्रयास मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार नारनौंद क्षेत्र में 28 जनवरी को एक नाबालिग लड़की के अपहरण करने की कोशिश में पुलिस ने एक युवक खेड़ी जालब निवासी मनदीप को नारनौंद से गिरफ्तार किया है। जिसको कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसको जेल भेज दिया गया है।

### अवैध पिस्तौल के साथ एक आरोपी दबोचा

**हांसी।** सीआईए की टीम ने अवैध पिस्तौल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बोगाराम कालोनी निवासी तरुण के रूप में हुई है। एएसआई नरेश कुमार ने बताया कि सीआईए की टीम ने गश्त के दौरान आरोपी को भिवानी रोड स्थित नहर पुल के पास पकड़ा है। तलाशी में उससे एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी उक्त हथियार का लाइसेंस पेश नहीं कर सका।

### निगम ने 10 बेसहारा पशु भेजे गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम का बेसहारा पशु पकड़ने का अभियान जारी है। सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में टीम ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि नगर निगम की टीम ने सेक्टर 9-11, मॉडल टाउन, सातरोड, सेक्टर 27-28 क्षेत्र से 10 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गो-अभ्यारण भेज दिया गया है।

### डीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने मंगलवार को अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर दिशा कमेटी के तहत जिले में करवाए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने संबंधित विभागों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला नगर आयुक्त नीरज सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और भविष्य की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

### दड़ौली की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**हिसार।** दड़ौली में लड़कियों की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ आदमपुर के विधायक चंद्रप्रकाश ने किया। इस मौके पर गांव दड़ौली के सरपंच मनोज डूडी भी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पर रही टीम दड़ौली को 11 हजार नकद व ट्रॉफी तथा द्वितीय स्थान पर रही टीम लाठ (सोनीपत) को 7100 रुपये नकद व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए गांव दड़ौली के ग्रामीणों ने खेल कमेटी का सहयोग किया।

## फरवरी के पहले पखवाड़े में ही सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा चढ़ा पारा

# रवि का नखरा, रबी पर खतरा

बढ़ते पारे ने बढ़ाई धरतीपुत्रों की टेंशन

**चिह्नित समस्याएं**

- गेहूं में पीलेपन की समस्या
- सरसों में सफेद रतुआ और तना सड़न की बीमारी
- चने में फूल और फली गिरने या मुरझाने की समस्या
- गेहूं में नेमाटोड का खतरा

- अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री
- पारे की रफ्तार न रुकी तो हो सकता है उत्पादन पर असर
- गेहूं में समय से पहले बालियां आने व दाने छोटे रहने का खतरा



हिसार। गेहूं के फसल पर आईं बालियां। *फोटो : हरिभूमि*

### 16 तक खुश्क रहेगा मौसम : डॉ. खीचड़

हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 16 फरवरी तक खुश्क परंतु परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तर व उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है, जिससे विशेषकर रात्रि तापमान में हल्की गिरावट आने की संभावना है परंतु दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी संभावित है। इसके बाद 16 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राज्य के मौसम में बदलाव आने की संभावना है। इससे राज्य में 16 फरवरी रात्रि व 17 फरवरी को आंशिक बादलवाई रहने तथा हवाएं व गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना बन रही है जिससे तापमान में गिरावट आने की संभावना है तथा बाद में राज्य में मौसम आमतौर पर खुश्क तथा उत्तर पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है।

**अनुमानित रकबा** लाख हेक्टेयर में

| फसल | 2024-25 | 2025-26 |
|---|---|---|
| गेहूं | 225.618 | 226.38 |
| चना | 11.828 | 12.29 |
| बाजरा | 2.498 | 3.73 |
| सरसों/तिलहन | 81.042 | 82.23 |
| चारा | 14.840 | 14.28 |

### गेहूं में हल्की सिंचाई करें

अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में लगातार वृद्धि का दौर जारी है। ऐसे में किसानों को गेहूं तथा चने की फसलों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। अधिक तापमान के कारण गेहूं पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर को देखते किसान इसमें हल्की सिंचाई करके नमी बनाए रखें। -डॉ. राजबीर सिंह, उपनिदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग।

**तापमान ने यूं पकड़ी रफ्तार**

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 10 फरवरी | 26.7 | 10.4 |
| 9 फरवरी | 24.4 | 8.0 |
| 8 फरवरी | 24.3 | 8.3 |
| 7 फरवरी | 24.4 | 9.1 |
| 6 फरवरी | 24.6 | 7.8 |

शमशेर सैनी ▶▶| हिसार

फरवरी की शुरुआत में ही बढ़ते तापमान ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। हिसार का अधिकतम तापमान लंबे समय से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। मंगलवार को यह बढ़कर 26.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से करीब तीन डिग्री अधिक है। मौसम में आए इस बदलाव ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। बढ़ते तापमान का सबसे अधिक असर गेहूं और चना की फसलों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। तापमान में तेजी आने से उत्पादन में कमी और कीटों का प्रकोप बढ़ सकता है।


हिसार और हांसी जिलों में रबी सीजन के दौरान करीब 226.38 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बिजाई की गई है। इसके बाद सरसों व अन्य तिलहनों की फसल करीब 82.23 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगाई गई है।

कृषि विशेषज्ञों ने वर्तमान मौसम को देखते हुए किसानों को गेहूं की फसल में हल्की सिंचाई करने की सलाह दी है। उनका कहना है कि खेत में नमी बनाए रखने से बढ़ती गर्मी के कारण गेहूं में समय से पहले बालियां आने और दाने छोटे रहने का खतरा कम किया जा सकता है। साथ ही किसानों को फसल की नियमित निगरानी करने और कीट प्रबंधन पर ध्यान देने की भी सलाह दी गई है।

जानकारी के अनुसार फरवरी माह का पहला पखवाड़े जैसे-जैसे खत्म होने को है, वैसे-वैसे तापमान भी चढ़ने लगा है। वर्तमान परिदृश्य में कोई भी विशेष मौसमी प्रणाली सक्रिय नहीं है, जिसके कारण अगले एक सप्ताह तक हिसार व आसपास के इलाकों में मौसम आमतौर पर शुष्क बना रहेगा और बारिश की की कोई संभावना नहीं है।

फरवरी के पहले पखवाड़े के बाद दिन और रात के तापमान में चार पांच डिग्री की बढ़ोतरी होने से ठंड का प्रभाव लगभग समाप्त हो जाएगा और अचानक से तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। ऐसी परिस्थितियों में फरवरी के दूसरे पखवाड़े में सर्दी अलविदा तथा गर्मी दस्तक देती नजर आएगी।

# हकृवि में विरोध के बीच शुरू हुआ युवा महोत्सव



हिसार। एचएयू में युवा महोत्सव के दौरान नारेबाजी करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- छात्रों ने वीसी के भाषण के दौरान काले कपड़े पहन किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के विरोध के बीच मंगलवार को विश्वविद्यालय के दो दिवसीय युवा महोत्सव का आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह के दौरान जब कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने अपना संबोधन शुरू किया तो विद्यार्थियों ने नारेबाजी की और पोस्टर दिखाकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई। कुछ शिक्षकों ने विद्यार्थियों को इस ऐसा नहीं करने के लिए मनाने का भी प्रयास किया, लेकिन उन्होंने अपना प्रदर्शन जारी रखा। उधर, कुलपति प्रो. काम्बोज भी अपना संबोधन देते रहे। विरोध करने वाले छात्र हाथ में पोस्टर लेकर कुलपति के सामने दीवार पर खड़े हो गए। विद्यार्थी विरोध जताने के लिए विशेष रुप से काले कपड़े पहनकर आये थे। प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थी डिविजनल कमिश्नर की रिपोर्ट लागू करने, लाठीचार्ज मामले में न्याय, सीएसओ सुखबीर सिंह की बहाली रद्द करने की मांग कर रहे थे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कुलपति के भाषण के दौरान हाथों में पोस्टर लहराए। इस दौरान विद्यार्थियों ने वी वांट जस्टिस जैसे नारे भी लगाए।

विद्यार्थियों ने पोस्टर लहराकर छात्राओं पर शोषण, छात्रों पर लाठीचार्ज, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर की बहाली, विद्यार्थियों पर दर्ज फर्जी केस, हॉस्टल और खेल मैदानों की जर्जर हालत, डिविजनल कमिश्नर की रिपोर्ट लागू न होने जैसी कई मांगों को उठाया। विद्यार्थियों ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा।

## अतिरिक्त निगम आयुक्त ने ली शहरी स्थानीय निकायों की समीक्षा बैठक

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के आवेदनों की डीपीआर जल्द मुख्यालय भेजने के निर्देश

- कहा- सभी यूएलबी के सचिव, ईओ व जेई समन्वय के साथ करें कार्य
- जेई आवेदन के आधार पर करें स्थल का भौतिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बैठक में दिशानिर्देश देते अतिरिक्त निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत जिले में प्राप्त आवेदनों की प्रगति को तेज करने के उद्देश्य से अतिरिक्त निगम आयुक्त वीरेन्द्र सहारण ने सभी शहरी स्थानीय निकायों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शीघ्र तैयार कर मुख्यालय को भेजी जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने सभी यूएलबी के सचिवों, ईओ व जेई को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त निगम आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक जेई की जिम्मेदारी होगी कि वह पोर्टल पर प्राप्त आवेदन के आधार पर स्थल का भौतिक निरीक्षण करे। निरीक्षण के दौरान मौके की वास्तविक स्थिति के स्पष्ट फोटोग्राफ लेकर उन्हें संबंधित आवेदन के साथ संलग्न करके मुख्यालय डीपीआर रिपोर्ट जल्द से जल्द भेजे। अतिरिक्त निगम आयुक्त ने कहा कि हर आवेदन का व्यक्तिगत स्तर पर सर्वे किया जाना अनिवार्य है, ताकि पात्रता का सही आकलन किया जा सके और कोई भी अपात्र व्यक्ति योजना का अनुचित लाभ न उठा पाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान एकत्र किया गया समस्त डेटा पूरी तरह सटीक और अद्यतन हो। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को कहा कि निरीक्षण या सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता न बरतें। बैठक में ईओ हांसी राजेन्द्र सोनी, सचिव बरवाला प्रगति, सचिव नारनौंद प्रदीप, सचिव उकलाना संदीप, जेई प्रवीन चौहान, जेई अंकुर, जेई विक्रांत यादव, जेई अजय सिहाग, जेई मंजीत आदि उपस्थित रहे।

# हांसी विधायक के आवास पर आज धरना देंगी नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं

## दो टूक- माइग्रेशन होने पर खत्म होगा धरना

- विधायक के आश्वासन के बावजूद नहीं हुआ छात्राओं की समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

क्षेत्र के एक निजी कॉलेज की छात्राएं हांसी विधायक विनोद भयाना के आश्वासन के बावजूद माइग्रेशन की मांग पूरी न होने पर उनके आवास पर बुधवार को धरना देंगी। छात्राओं ने बताया कि जब तक उनका माइग्रेशन नहीं होता तब तक वह धरने से नहीं उठेगी। उनके साथ में खाप पंचायत के प्रतिनिधि भी धरना देंगे।

बता दें कि सरकार की तरफ से छात्राओं को 15 जनवरी तक का समय दिया गया था। इसको लेकर खाप व अन्य ग्रामीण शुक्रवार को विधायक विनोद भयाना से हांसी में मुलाकात करने पहुंचे। उन्होंने आश्वासन दिया कि 10 फरवरी तक छात्राओं का माइग्रेशन हो जाएगा लेकिन किसी भी छात्रा का माइग्रेशन नहीं हुआ। माइग्रेशन की मांग को लेकर कॉलेज की छात्राएं एक बार फिर लामबंद हो गई है। सभी छात्राओं ने मीटिंग करके बुधवार को हांसी में विधायक विनोद भ्याना के आवास के बाहर धरना देने का ऐलान किया है।

### पिछले सप्ताह की थी विधायक से मुलाकात

छात्राओं के साथ खाप के प्रतिनिधिमंडल ने पिछले सप्ताह ही विधायक विनोद भयाना से मुलाकात की थी। इस दौरान विधायक ने आश्वासन दिया कि वे खुद चंडीगढ़ जाकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करके छात्राओं के माइग्रेशन की मांग को पूरा करने का काम करेंगे।

## स्वच्छता नियम तोड़ने पर 15 के काटे चालान

**हिसार।** नगर निगम शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए लगातार कार्रवाई कर रहा है। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। इसी कड़ी में निगम की टीमों ने खुले में कचरा डालने वालों पर कार्रवाई करते हुए कुल 15 चालान किए। एएसआई सरोज ने सेक्टर-15, जवाहर नगर और कैमरी रोड पर 9 दुकानदारों के चालान काटे। एएसआई राहुल सैनी व राहुल पंवार ने मिलगेट क्षेत्र में 2, एएसआई सन्नी ने मॉडल टाउन में 2 व्यक्तियों के चालान किए। एएसआई प्रवीन ने पटेल नगर और एएसआई विजेता ने नागौरी गेट क्षेत्र में एक-एक चालान किया।

## रावलवास कलां के सुरेश हत्याकांड में तीन आरोपी दोषी करार, सजा 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अदालत ने करीब पांच साल पुराने रावलवास कलां निवासी युवक सुरेश हत्याकांड में तीन आरोपितों को दोषी करार दिया है। दोषी पाए गए सरजीत, सत्येंद्र और सतबीर को सजा सुनाने के लिए अदालत ने 17 फरवरी की तारीख तय की है। मामले के अनुसार सदर थाना पुलिस ने 28 अप्रैल 2021 को सुरेश के परिजनों की शिकायत पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। शिकायत में बताया गया था कि सुरेश और उसके ताऊ सतबीर के बीच नहरी पानी लगाने को लेकर कहासुनी चल रही थी। वारदात वाले दिन सुबह करीब साढ़े सात बजे घर में ही विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इसी दौरान सतबीर ने अपने घर से जेली निकालकर सुरेश की छाती में मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत नागरिक अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ हत्या समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था।

## 13 फरवरी से गोरखधाम का ठहराव आदमपुर में भी

**हिसार।** मंडी आदमपुर रेलवे स्टेशन के लिए एक अहम खबर सामने आई है। 13 फरवरी से 12555/56 गोरखपुर-बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस का मंडी आदमपुर स्टेशन पर आधिकारिक ठहराव शुरू हो जाएगा। हाल ही में रेल मंत्रालय ने इस ट्रेन के ठहराव को मंजूरी दी थी। ट्रेन के ठहराव शुरू होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस ठहराव से यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस ठहराव से आसपास के इलाकों के यात्रियों को गोरखपुर, बठिंडा सहित अन्य प्रमुख शहरों तक सीधी रेल सेवा का लाभ मिलेगा।



हिसार। निरीक्षण करने पहुंचे नगर निगमायुक्त नीरज व अन्य।

# जलभराव को लेकर निगमायुक्त ने किया ऑटो मार्केट का निरीक्षण

- पब्लिक हेल्थ और नगर निगम के अधिकारियों के साथ समस्या और समाधान पर की विस्तार से चर्चा
- जल निकासी की प्रभावी और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिंदल पार्क के पास ऑटो मार्केट क्षेत्र में जलभराव की समस्या को लेकर मंगलवार को नगर निगमायुक्त नीरज ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान पब्लिक हेल्थ और नगर निगम के अधिकारियों के साथ इस क्षेत्र में जलभराव पर विस्तार से चर्चा की। निगमायुक्त ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जल निकासी की प्रभावी और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या दोबारा उत्पन्न न हो। इसके साथ ही नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखी जाए, जिससे जल निकासी में किसी प्रकार की रुकावट न आए। बता दें कि जिंदल पार्क के पास ऑटोमार्केट में जलभराव की बड़ी समस्या है। हालात यह बने रहते है कि सीवरेज ब्लॉकेज के कारण बिना बारिश के बावजूद यहां पर जलभराव की स्थिति बनी रहती है। तीन दिन पहले भी इस क्षेत्र में जलभराव से लोग परेशान थे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पार्षद मोहित सिंघल, एक्सईएन जयबीर डूडी, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बलकार रेड्डू, एमई अमित बेरवाल, जेई कुशल, जेई सूरज तथा ऑटो मार्केट के प्रधान रमेश वत्स सहित संबंधित कर्मचारी मौजूद रहे।

**राहत**

## डीसी ने संबंधित एजेंसी को एक्शन प्लान तुरंत नगर को परिषद सौंपने के दिए निर्देश

# हांसी में जल्द शुरू होगा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि हांसी शहर में डोर टू डोर कूड़ा कर्कट इकट्ठा कर निर्धारित स्थान पर डालने के लिए एक एजेंसी को 5 वर्ष के लिए ठेका दिया गया है। उन्होंने संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि वह तुरंत तैयार एक्शन प्लान को नगर परिषद को सौंपे ताकि कूड़ा करकट कलेक्शन का कार्य जल्द शुरू हो सके। डीसी राहुल नरवाल मंगलवार जिला सचिवालय परिसर में नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एजेंसी द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली एक्शन प्लान पर गहनता से मंथन करें ताकि कचरा कलेक्शन का कार्य शुरू होने के बाद शहरवासियों को अगले 5 वर्ष तक किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

डीसी ने नगर परिषद के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य प्रारंभ नहीं होता तब तक कूड़ा कर्कट उठान का कार्य समुचित ढंग से करने के लिए अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

### 575 कुत्तों की करवाई नसबंदी

नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि कुत्तों की नसबंदी का कार्य भी निरंतर जारी है। अब तक उत्तम नगर, शांति निकेतन, हुड्डा सेक्टर 6, आर्य नगर, जगदीश कॉलोनी, विकास नगर, मॉडल टाउन व नई काठ मंडी क्षेत्र में 575 कुत्तों की नसबंदी का कार्य पूर्ण हो चुका है। नसबंदी के लिए पकड़े गए 575 कुत्तों में से 530 कुत्तों को वापस छोड़ा जा चुका है बाकी कुत्ते डॉग शेल्टर केंद्र में मौजूद है। इनको भी ठीक होने की उपरांत वापस उनके स्थान पर छोड़ दिया जाएगा।

### लक्ष्य से अधिक रिकवरी की उम्मीद

नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि हाउस टैक्स कलेक्शन का कार्य निरंतर जारी है। चालू वित्त वर्ष में 3 करोड़ रुपए हाउस टैक्स की रिकवरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अब तक 2 करोड़ 65 लाख की राशि हाउस टैक्स रिकवरी के रूप में जमा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष निर्धारित लक्ष्य से अधिक हाउस टैक्स रिकवरी होने की उम्मीद है।



हांसी। जिला सचिवालय परिसर में अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी राहुल नरवाल। फोटो : हरिभूमि

### रोड स्वीपिंग का टेंडर लगाया

नगर परिषद के अधिकारियों ने डीसी राहुल नरवाल को बताया कि शहर की सड़कों को साफ सुथरा रखने के लिए रोड स्वीपिंग का टेंडर भी लगाया चुका है जो आगामी 20 फरवरी को खोला जाएगा। इसके बाद यह कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। इस टेंडर में सड़कों की सफाई के साथ-साथ सड़कों के आसपास पड़े कूड़ा करकट को उठाने का कार्य भी संबंधित एजेंसी द्वारा ही किया जाएगा



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।



लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।

हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग


**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला






# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।



# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।

***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह



**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।

## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।



## खबर संक्षेप

### मांग को लेकर धरना 26वें दिन भी जारी

**उकलाना।** अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर जारी धरना मंगलवार को 26वें दिन में प्रवेश कर गया। धरना कमेटी ने सरकार से पुनः आग्रह किया कि अंडरपास का कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाए, ताकि इसके अभाव में प्रभावित हो रहे लोगों के रोजगार को बचाया जा सके। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि अंडरपास न होने के कारण व्यापारियों, मजदूरों और आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर धरना कमेटी के प्रधान कपूर सिंह, बलजीत नंबरदार, रिंकू वर्मा आदि थे।

### गुरु जम्भेश्वर विवि में हुआ विशेषज्ञ व्याख्यान

**हिसार।** गुजवि के औषधि विज्ञान विभाग में एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब, बठिंडा के फार्मेसी विभाग के प्रोफेसर प्रो. प्रदीप यादव ने विद्यार्थियों को शोध से संबंधित आधुनिक सॉफ्टवेयर टूल्स पर एक ज्ञानवर्धक एवं संवादात्मक व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में प्रो. प्रदीप यादव ने शोध कार्य को सरल, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने में विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

### जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर कार्यशाला

**हिसार।** गुजवि के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) द्वारा हरियाणा पुलिस के सहयोग से बीबीए विद्यार्थियों के लिए जेंडर सेंसिटाइजेशन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 200 प्रबंधन विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह कार्यशाला एचएसबी की संकाय सदस्य डॉ. पूजा गोयल की परिकल्पना थी, जिनके प्रयासों से इस कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा सका।

### गोल्ड विजेता खिलाड़ी ज्योति का स्वागत

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय खेड़ी चोपटा की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ज्योति बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य धर्मसिंह द्वारा उनको सम्मानित किया गया। छात्रा ज्योति ने जीजेयू में आयोजित अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 45 से 48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है।

### हर्ष अध्यक्ष व अजय बने फुटबॉल संघ के चेयरमैन

**हिसार।** जिला फुटबॉल संघ हिसार की मीटिंग का आयोजन डाबड़ा चौक स्थित एक निजी होटल में किया गया जिसमें नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। हर्ष बामल को हिसार फुटबॉल एसोसिएशन का सर्वसमिति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया जबकि अजय धुंधवाल को चेयरमैन नियुक्त किया गया। हर्ष बामल व अजय धुंधवाल जिला पार्षद ने अपनी नियुक्ति पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायाब सैनी, कैबिनेट मंत्री रणवीर गंगवा, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टेन अभिमन्यु, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया का आभार जताया।

## तहसीलदार और नायब तहसीलदार पेन-डाउन हड़ताल के व्यापक असर

# एसडीएम अवकाश पर, डीआरओ के पास दो जिलों का चार्ज, काम रुका

तहसीलों में रजिस्ट्री, इंतकाल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समेत करीब 100 कार्य हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार : तहसील परिसर में सन्नाटा। *फोटो : हरिभूमि*

द हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन के आह्वान पर जिलेभर में तहसीलदार और नायब तहसीलदार पेन-डाउन हड़ताल मंगलवार को भी जारी रही। हड़ताल के चलते तहसीलों में रजिस्ट्री, इंतकाल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समेत करीब 100 कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके चलते लगातार पेंडेंसी बढ़ती जा रही है और लोग हड़ताल के लंबी खिंचने से परेशान है।

यहां बता दें कि प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व अधिकारियों पर की निलंबन जैसी की जा रही कार्रवाई के विरोध में तहसीलदार व नायब तहसीलदार 5 फरवरी से पेन डाउन हड़ताल पर चल रहे हैं। सरकार ने तहसीलदार व नायब तहसीलदारों की पेन डाउन हड़ताल का असर कम करने के लिए एसडीएम तथा डीआरओ को रजिस्ट्री करने के आदेश दिए, मगर हिसार एसडीएम पिछले दो दिनों से अवकाश पर होने के कारण मंगलवार को भी कोई रजिस्ट्री नहीं हो पाई। दूसरी तरफ फतेहाबाद डीआरओ के पास ही हिसार के डीआरओ का अतिरिक्त चार्ज है।

मगर उनकी आईडी से एक ही जिले में रजिस्ट्री संभव होने के कारण वे हिसार में होने के बावजूद रजिस्ट्री कार्य नहीं कर सके। गत 5 फरवरी से द हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर एसोसिएशन की पेन डाउन हड़ताल के कारण रजिस्ट्रियों की पेंडेंसी करीब 500 के आसपास पहुंच चुकी है। रजिस्ट्रियां अटकने से सरकार का करोड़ों का राजस्व प्रभावित हो रहा और लोग भी परेशान है।

### हड़ताल के चलते नहीं हुआ कोई काम

**आदमपुर।** हरियाणा रेवेन्यू ऑफिसर संगठन की आह्वान पर मंगलवार को भी पांचवें दिन तहसीलदार और नायब तहसीलदार पेन डाउन हड़ताल पर रहे। इसके चलते आदमपुर तहसील में मंगलवार को भी कोई काम रजिस्ट्री, इंतकाल, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, डोमिसाइल का काम नहीं हो पाया। ध्यान रहे 5 फरवरी से प्रदेश सरकार द्वारा राजस्व अधिकारियों पर की निलंबन जैसी की जा रही कार्रवाई के विरोध में तहसीलदार एवं तहसीलदार हड़ताल पर चल रहे हैं। इसके चलते सैकड़ों रजिस्ट्री व अन्य काम अधर में लटक गए हैं। क्षेत्र के लोग काम के लिए चक्कर काट रहे है एवं उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# कोनार्क 26 में अगले राउंड के लिए 25 टीमें चयनित



■ कार्यक्रम के लिए पहेलियों के खेल 'खजाने की खोज' के माध्यम से प्रतिभागियों हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत आई-कनेक्ट के सौजन्य से 16 से 18 फरवरी को होने वाले 'कोनार्क 26' कार्यक्रम के लिए पहेलियों के खेल 'खजाने की खोज' के माध्यम से प्रतिभागियों के चयन के लिए प्रथम राउंड का आयोजन किया गया। प्रतिभागी टीमों के चयन के लिए यह एक बौद्धिक कौशल का प्रदर्शन था, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों ने मनोरंजक एवं उलझी पहलियों को सुलझाते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचना था। 'कोनार्क 26' के लिए गुजवि की 90 टीमों ने भाग लिया था। एक टीम में चार प्रतिभागी शामिल थे। पहले राउंड के बाद 25 टीमें अगले राउंड के लिए चयनित हुई हैं। पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों के तकनीकी व सांस्कृतिक कौशल को विकसित व प्रदर्शित करने के साथ-साथ उन्हें स्टार्ट-अप, नवाचार व उद्यमीयता के लिए भी प्रेरित करेगा। 'कोनार्क-26' में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, तेलंगाना, झारखंड, उत्तराखंड, गुजरात, केरल, त्रिपुरा सहित देशभर से विभिन्न आईआईटी, आईआईआईटी, एनआईटी जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

## यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शपथ एवं जेंडर सेंसिटिविटी पर कार्यक्रम का आयोजन

# आनंद स्कूल में यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शपथ दिलाई

■ लैंगिक समानता, आपसी सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



**हांसी।** यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शपथ एवं जेंडर सेंसिटिविटी कार्यक्रम को लेकर रैली निकालते विद्यार्थी।

मिलकपुर स्थित आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में मंगलवार को प्रातःकालीन सभा के दौरान एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा की शुरुआत योग, प्राणायाम और सूर्य नमस्कार के साथ की गई, जिससे विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी अध्यापिका स्वीटी द्वारा सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को यौन उत्पीड़न के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने अपने संबोधन में इस विषय की गंभीरता पर प्रकाश डाला। इसी अवसर पर विद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा रन फॉर स्पेसिफिक कॉज- जेंडर सेंसिटिविटी" कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपप्रधानाचार्या गीता यादव, प्रोमिला यादव तथा खेल कोच नसीब बूरा द्वारा किया गया। इस दौड़ के माध्यम से विद्यार्थियों को लैंगिक समानता, आपसी सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश दिया गया।

## आरपीएस स्कूल में डिजिटल स्मार्ट इंडिया प्रतियोगिता

# चित्रकला, रंगोली, डिजिटल प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आरपीएस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से डिजिटल स्मार्ट इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी कला एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों ने चित्रकला, रंगोली, डिजिटल प्रस्तुति तथा विभिन्न कलात्मक माध्यमों के जरिए डिजिटल स्मार्ट इंडिया की अवधारणा को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। बच्चों की कल्पनाशीलता और प्रतिभा ने सभी को प्रभावित किया।


**हांसी।** माय एफएम रंगरेज़ डिजिटल स्मार्ट इंडिया प्रतियोगिता में ड्राइंग बनाते विद्यार्थी।

विद्यालय की प्राचार्या एकता सचदेवा ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक डॉ.संदीप देशवाल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा ही देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव है।


**हिसार।** डॉ. सुरेश कुमार को मेजर रैंक के बैजदान करते कर्नल सुनील कटारिया।

### एनसीसी में कैप्टन से मेजर बने डॉ. सुरेश कुमार

**हिसार।** सीआरएम जाट कॉलेज के प्राणी विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में कैप्टन से मेजर के पद पर पदोन्नत किया गया है। यह पदोन्नति एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया द्वारा प्रदान की गई। यह सम्मान डॉ. सुरेश कुमार द्वारा एनसीसी में दी गई उत्कृष्ट सेवाओं, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा कैडेट्स के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया है। डॉ. सुरेश कुमार लंबे समय से एनसीसी से जुड़े हुए हैं और उनके मार्गदर्शन में अनेक कैडेट्स ने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय एनसीसी शिविरों, परेड एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर कर्नल सुनील कटारिया ने डॉ. सुरेश कुमार को मेजर रैंक के बैजदान कर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डॉ. सुरेश कुमार की इस उपलब्धि पर सीआरएम जाट कॉलेज के प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# श्रीमद्भागवत कथा सिखाती है जीना-मरना

■ श्री प्रयागगीरी शिवालय ट्रस्ट ने किया श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** अतिथियों को स्मृति चिह्न देखकर सम्मानित करते श्री प्रयाग गिरी शिवालय ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग। *फोटो : हरिभूमि*

श्री प्रयागगीरी शिवालय ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में महामंडलेश्वर साध्वी करुणागिरी ने कहा कि आज के समय व्यक्ति के जीवन के व्यवहारिक, व्यापारिक और दैनिक जीवन की अति आवश्यकता है। व्यक्ति को जितनी अधिक आवश्यकता हो अध्यात्म की ओर मुडने की उतनी अधिक आवश्यकता व्यवहार में लाने की है। कथा जीवन की व्यथा को समाप्त करती है। इंसान को अपने जीवन में भागवत महापुराण के महात्म को भी अपने व्यवहार में लाना चाहिए।

साध्वी करुणागिरी महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीवन के हर पहलू को छूती है। श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण जी ने अपनी अनेक लीलाओं को करके जीवन के उस सूत्र को दिया और कहा जो मैं करू वो आप मत करना और जो मैं कहूं वो आप करना। श्रीमद्भागवत महापुराण जीना सिखाती है और मरना सिखाती है। श्रीमद्भागवत में यह भी बताया गया कि तीर्थ यात्रा कैसे करनी चाहिए। शिवालय मंदिर ट्रस्ट के प्रधान बजरंग गर्ग ने आए अतिथि मेयर प्रवीण पोपली, अग्रवाल समिति के प्रधान शिव कुमार गोयल, समाजसेवी प्रवीण जैन, रवि भुटानी, सुरेंद्र गर्ग, राधा कृष्ण खटाना, शेर सिंह गुर्जर, हेमन्त खटाना, मांगेराम रालवासिया, बीरसिंह ख्यालिया, पार्षद संजय डालमिया को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सज्जन गुप्ता, नारायण दास बंसल, सुरेंद्र सिंगला, जगत नारायण, रमेश पटवारी, विनोद ठकराल, विनय अग्रवाल, डॉ अशोक कुमार, रितेश कुमार, सत्येंद्र गोयल, अंगूरी देवी आदि मौजूद रहे।

### मिर्जापुर गांव में सात दिवसीय शिविर आरंभ

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव मिजार्पुर में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। यह शिविर 16 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राजकीय महिला महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य कैलाश चंद्र शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं को समाज से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतबीर सिंह सांगा ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्राएं सामाजिक समस्याओं को नजदीक से समझती हैं और उनके समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाती हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हिना आदि भी मौजूद थे।



**हिसार।** शिविर के शुभारंभ मौके पर उपस्थित अतिथिगण।

## धर्मांतरण के पीछे मुख्य कारण अपने धर्म से प्रेम न होना और धर्म के बारे में पूरी जानकारी का अभाव

# अपने संस्कारों और मर्यादाओं को नहीं भूलना चाहिए : संत गौरदास

*अग्रसेन भवन में पत्रकारों से रूबरू हुए राष्ट्रीय संत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज।

राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज ने कहा है कि सच्चा भक्त वही है, जिसे किसी तरह का अहंकार नहीं है। बस जुबान पर ईश्वर का नाम है। जब भी जितना भी हो सके, प्रभु भक्ति के लिये समय निकालना चाहिए। संत गौरदास मंगलवार को गोविंद की गली परिवार, श्रीधाम वृंदावन धाम की ओर से अग्रसेन भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में मीडिया से रूबरू हो रहे थे। हिसार में दूसरी बार भक्तमाल कथा करने आए संत गौरदास महाराज ने कहा कि धर्म का मतलब है अपने कर्तव्यों के प्रति जागरुक होना यानि जो भी मनुष्य का फर्ज है, उसे बखूबी पूरा करना। मनुष्य जहां भी रहे, अपने धर्म व संस्कृति को न भूले। जब तक मनुष्य अपने मूल से जुड़ा रहेगा, उसका सब ठीक रहेगा। अपने मूल का कभी त्याग नहीं करना चाहिए। जो कोई भी अपना मूल छोड़ेगा, जड़ से खत्म हो जाएगा। उन्होंने धर्मांतरण के पीछे मुख्य कारण अपने धर्म से प्रेम न होना और धर्म के बारे में पूरी जानकारी न होना बताया। संत गौरदास महाराज ने कहा कि पहले के समय में और अब के समय में काफी परिवर्तन आया है। परिवर्तन सृष्टि का नियम है परंतु बदलाव में भी हमें अपने संस्कारों व मर्यादाओं को नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज सत्संग, कथाओं व कीर्तनों में साठ वर्ष से ज्यादा उम्र के लोग आते हैं। युवा वर्ग सत्संग-कथाओं में कम आता है।

### सभी सनातनियों को आपस के मतभेद भुलाकर देश को आगे बढ़ाना चाहिए

**हिसार।** गोविंद की गली परिवार, श्रीधाम वृंदावन धाम एवं लाला लखीराम आदमपुरिया परिवार के तत्वाधान में अग्रसेन भवन में चल रही भक्तमाल कथा के दसवें दिन राष्ट्रीय संत गौरदास महाराज ने बताया कि कलियुग तो मिलावट का युग है, दूध, घी, मसालों के अलावा कथा और कीर्तन में भी मिलावट होने लगी है। कीर्तन करते हुए हमेशा यह सोचना चाहिए कि कीर्तन तो मेरे गुरुदेव ही कर रहे हैं, मैं तो केवल दोहरा रहा हूं और यह सोचना चाहिए कि राधा कृष्णजी हमारे कीर्तन को सुन रहे हैं। ऐसे ही हमारे देश के इतिहास में भी बहुत मिलावट की गई। सनातन धर्म को बचाने और आगे बढ़ाने में चैतन्य महाप्रभु के साथ ही सिख गुरुओं, अनेक संतों एवं भक्तों का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है। ऐसे ही भारत को आजादी दिलवाने में लाला लाजपत राय, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, रामप्रसाद बिस्मिल आदि का बहुत अधिक योगदान रहा है किंतु उन सबको भुला कर यह प्रचार किया गया कि कुछ लोगों ने ही आजादी दिलवाई। भारत-पाकिस्तान बंटवारे के समय लगभग 21 लाख हिंदू मारे गए थे, उसको इतिहास में स्थान नहीं दिया गया। आज भी हम सभी सनातनियों को अपने आपस के मतभेद भुलाकर एक होकर देश को आगे बढ़ाना चाहिए, अब भी यदि हम बटेंगे तो निश्चित ही कटेंगे।





### बीईओ से मिला राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ

**बरवाला।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान विवेक शर्मा के नेतृत्व में खंड बरवाला शिक्षा अधिकारी जिले सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं और स्कूलों के विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला संरक्षक जयभगवान, ब्लॉक प्रधान राजेश जेवरा और उप-प्रधान दीपक सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह ने स्कूलों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया और आश्वासन दिया कि शिक्षकों की फाइलों और बिलों का निपटान समय पर किया जाएगा। इस अवसर पर रामगोपाल, विष्णु, ओम प्रकाश, सुनील व अमित कुमार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, भरथो देवी पत्नी श्री औमप्रकाश निवासी वार्ड नंबर-1, नारनौंद, तहसील नारनौंद, जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड व मेरे सभी कागजात में पहले मेरा नाम भरथो था जिसे अब मैंने बदलकर भरथो से भरथो देवी कर लिया है। भविष्य में मुझे भरथो देवी के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**हिसार।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आर्मी पब्लिक स्कूल में सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने योग शिक्षक जोगेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। एक साथ अनुशासित रूप से सूर्य नमस्कार करते हुए विद्यार्थियों ने योग के प्रति अपनी रुचि और उत्साह का परिचय दिया।

### 12 फरवरी की हड़ताल में भाग लेंगे युवा : जनौस

**हिसार।** भारत की जनवादी नौजवान सभा के राज्य प्रधान मुकेश कुमार ने कहा है कि आम जनता के मुद्दों को लेकर 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में छात्र-युवा बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करेंगे। डीवाईएफआई राज्य सचिव नरेश ने बताया आज भाजपा सरकार की नीतियों के कारण मजदूर, किसान, कर्मचारी, महिला, बेरोजगार और छोटे दुकानदार आज सभी महगांई, ठेका प्रथा, नीजिकरण और मजदूर किसान विरोधी नीतियों की मार झेल रहे है। केन्द्र व राज्य सरकारो की शिक्षा-विरोधी नीतियो के कारण नई शिक्षा नीति 2020 थोपी गई है। जिसके तहत देशभर में अनेक सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए है।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर हुआ कार्यक्रम

**हिसार।** नगर निगम के बैठक कक्ष में मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों व कर्मचारियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान डीआईओ दीपक भारद्वाज ने साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, एआई के अनुचित प्रयोग, डीप फेक के बढ़ते मामलों, ऑनलाइन ठगी के तरीकों तथा उनसे बचाव के प्रभावी उपायों पर विस्तार से व्याख्यान दिया।

### अतिक्रमण हटाने का अभियान जारी

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान नगर निगम द्वारा निरंतर जारी है। मंगलवार को अभियान की शुरुआत रेलवे स्टेशन से अतिक्रमण हटाकर की गई। टीम ने इसके बाद बस स्टैण्ड से लेकर सिरसा रोड चुंगी से अतिक्रमण हटवाया। इसके बाद टीम ने राजगुरु मार्केट से अतिक्रमण हटवाया। टीम ने एमसी डीसी कॉलोनी मार्केट व डाबड़ा चौक के आस-पास क्षेत्र में मुनादी करके सामान अपनी परिधि में रखने के लिए कहा इसके साथ ही अतिक्रमण में हटवाया।

### इंटरनेट का सही प्रयोग करें और फ्रॉड से बचें

**हिसार।** एनपी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, कालीरावण में मंगलवार को एनआइसी हिसार द्वारा सुरक्षित इंटरनेट दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एनआइसी से जिला सूचना अधिकारी दीपक भारद्वाज ने बच्चों को इंटरनेट के सही प्रयोग करने व फ्रॉड से बचने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने के लिये कठिन परिश्रम करने की नसीहत दी।

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव का आगाज

# युवा उत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं बल्कि प्रतिभा दिखाने का भी माध्यम

- कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का पगड़ी बांधकर, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार





हिसार : मुख्य अतिथि अधिकारियों एवं विद्यार्थियों के साथ व कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतर-महाविद्यालय युवा महोत्सव का आगाज हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित इस उत्सव में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही।

कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का पगड़ी बांधकर, ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के अन्तर्गत आने वाले विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राएं भाग ले रहे हैं। पहले दिन प्रतिभागियों ने देश व प्रदेश की संस्कृति से रूबरू करवाया। युवा महोत्सव में आयोजित फैंसी ड्रेस कंप्टीशन ने सभी का मन जीत लिया। स्टेज से दी जा रही एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों पर मौके पर मौजूद विद्यार्थियों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इससे पूर्व कुलपति प्रो. काम्बोज ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव केवल सांस्कृतिक मंच नहीं, बल्कि युवाओं को प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को दिशा देने का सशक्त माध्यम है। यह मंच युवाओं को अपनी कला, विचार और व्यक्तित्व को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करेगा। उत्सव युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संवाद कौशल की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे लोक कला, लोक संगीत, और लोक परम्पराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी मदद मिलेगी। युवा महोत्सव से युवाओं में राष्ट्रीय एकता और सदभाव, रचनात्मक ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग, टीम भावना और अनुशासन के साथ कार्य करने में मदद मिलेगी।

### आठ महाविद्यालयों के विद्यार्थी करेंगे अपनी कला का प्रदर्शनः डॉ. रमेश यादव

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. रमेश यादव ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि विभिन्न आठ महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं रंग बिरंगी पोशाकों में ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए उत्सव में पहुंचे। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय उत्सव में भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, लोकगीत, समूह गायन, वेस्टर्न सोंग, समूह गायन, कोरयोग्राफी, एकल नृत्य, फैंसी ड्रेस, वाद-विवाद, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। डॉ. एस.के.पाहुजा ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच संचालन छात्रा साक्षी और जसमीन ने किया।



हांसी। कर्मचारियों की मीटिंग को संबोधित करते राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव। *फोटो : हरिभूमि*

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल के लिए सकसं ने झोंकी ताकत

**हांसी।** केन्द्र सरकार की किसान, मजदूर और कर्मचारी-विरोधी नीतियों के खिलाफ केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर 12 फरवरी की प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए सकसं ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने प्रचार-प्रसार अभियान के दौरान हांसी व नारनौद में विभागों का दौरा किया।

- हांसी व नारनौद में विभागों का किया दौरा

हांसी व नारनौद, आदमपुर, अग्रोहा, बरवाला, उकलाना ब्लॉकों में राज्य स्तरीय जत्थे ने बिजली, जनस्वास्थ्य, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, नपा संघ, बीएंडआर, आईसीडीएस, आईटीआई, सिंचाई, कर्मचारी संगठनों में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव व जिला उप प्रधान विनोद दुहन कहा कि लेबर कोड किसी सूरत में मजदूरों, कर्मचारियों और आम जनता के हित में नहीं हैं इससे बेरोजगारी बढ़ेगी व पूंजीपतियों को लाभ होगा व कर्मचारी व मजदूर गुलामी की दास्तां के साथ शोषण होगा। इस मौक पर सुरेंद्र हुड्डा, विनोद दुहन, श्याम पाल, अशोक यादव, रविन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा, संजय शर्मा, योगेन्द्र माजरा, जसबीर श्योकंद, विकास गौतम,रोशन लाल अनुदेशक, अनूप सिंह, मंजीत जांगड़ा, मंशाराम, देवेन्द्र लोहान, राजेश पेटवाड़, रामदिया शर्मा, सतीश शर्मा, प्रदीप लोहान आदि नेताओं ने संबोधित किया।

## प्रतिभा खोज के विजेता सम्मानित

- न्यू जेनरेशन सोशल वेलफेयर सोसायटी की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चिड़ौद में हुआ समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय न्यू जेनरेशन सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा विद्यार्थी प्रतिभा खोज एवं सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चिड़ौद के परिसर में संपन्न हुआ।

इस मौके पर सोसायटी की अध्यक्ष अनीता क्रांति ने बताया कि इस समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी हुई शैक्षणिक, बौद्धिक, रचनात्मक एवं नैतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपने हुनर को पहचान सकें और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हों। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेंद्र मंडा, जीत आर्य नगर, प्राचार्य राजविंदर सिंह ढिल्लो, अनिल शर्मा, विक्रम अरोड़ा, अंकित सिंधराण, सतीश श्योराण, सुनील श्योराण, भूपेंद्र दलाल, विष्णु बागड़ी, सुनील आदि उपस्थित रहे।




**हिसार।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चिड़ौद में आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम में भाग लेते छात्र व अतिथिगण। *फोटो : हरिभूमि*

### 123 बच्चों ने लिया प्रतियोगिता में भाग

इस मौके पर समाजसेवी राहुल श्योराण ने कहा कि यह संस्था की बहुत अच्छी पहल है और इस प्रतिभा खोज कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल के लगभग 80 बच्चों ने और सरकारी स्कूल के लगभग 123 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संस्था के माध्यम से आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कड़ी शर्तों के कारण 200 में से 90 आवेदन रिजेक्ट

- कृत्रिम अंग-ट्राई रिक्शा रजिस्ट्रेशन के 110 फार्म ही मिले सही
- शिविर में पीने के पानी तक की नहीं थी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद




नारनौंद। बीडीपीओ ब्लॉक में लगे शिविर में फार्म जमा करवाते दिव्यांग।

उपमंडल के बीडीपीओ कार्यालय में मंगलवार को जिला प्रशासन और रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित कृत्रिम अंग और ट्राई रिक्शा पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग परेशान नजर आए। अधिकतर दिव्यांगों को निराश होकर घर लौटना पड़ा। जिन दिव्यांगों के परिजनों के पास कोई साधन नहीं था वह किराए की गाड़ी लेकर इस शिविर में पहुंचे।

प्रशासन द्वारा कोई सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई गई। पीने के पानी के लिए भी उन्हें भटकना पड़ा। व्हील चेयर का प्रबंध नहीं किया गया। अलग-अलग गांव से करीब 200 दिव्यांग अपने फॉर्म लेकर पहुंचे थे। जिनमें से 110 लोगों के ही फार्म सही पाए गए बाकी 90 फार्मो को रिजेक्ट कर दिया गया। कापड़ों के रोहतास, राखी शाहपुर की माया ने बताया कि रिक्शा टूट चुकी हैं। फार्म तो भरा है लेकिन उम्मीद कम है। पहले जो शर्तें होती थी अबकी बार वो बदल दी गई हैं। नारनौंद की रेखा ने बताया कि रिक्शा टूट चुकी है। अब हम क्या करें। इनको ठीक करवाने का सामान भी मिलता। सरकार को अगर दिव्यांगों की मदद ही करनी है तो इन शर्तों में ढील देनी चाहिए।

नारनौंद की बुजर्ग महिला गिना देवी ने बताया कि वह चल नहीं सकती। ट्राई रिक्शा के लिए फार्म भरा है। लेकिन ट्राई रिक्शा कब मिलेगी इसकी अभी कोई उम्मीद नहीं है। बड़ी मुश्किल से कागजात को तैयार करवाया है। सरकार अगर दिव्यांगों की सहायता करवानी चाहती है तो सर्व करवाकर घरों पर ही कृत्रिम अंग या रिक्शा देने का काम करना चाहिए। दिव्यांग शमशेर ने बताया कि 2022 में ट्राई रिक्शा के लिए फार्म भरा था। 2023 में मिली थी जो कि खराब हो चुकी है। काफी बार रास्ते में बंद हो जाती हैं। आज फॉर्म भरने के लिए पहुंचे तो उन्होंने यह कहकर रिजेक्ट कर दिया कि पांच साल बाद मिलेगी। अगर सरकार नई रिक्शा नहीं देती तो कम से कम इनका मेंटेनेंस का सामान ही उपलब्ध करवा दे।

### सरकार की गाइडलाइन अनुसार लिए हैं फार्म

हिसार रेड क्रॉस से वेद प्रकाश ने बताया कि दिव्यांगों द्वारा करीब 200 फॉर्म जमा करवाए हैं जो सरकार की गाइडलाइन है उनके अनुसार ही फार्म लिए गए हैं। फार्मो की जांच के बाद 90 फॉर्म रिजेक्ट कर दिए गए हैं।

## डीसी ने बैठक में की चिह्नित आपराधिक मामलों की समीक्षा



**हिसार।** समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते डीसी महेंद्र पाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- अधिकारियों को दिए निर्देश- गहन रिपोर्ट तैयार कर मामलों की कोर्ट में करें ठोस पैरवी

उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि जिले में चिन्हित अपराध के तहत आने वाले मामलों की जांच पुलिस विभाग पूरी गहनता से कर रिपोर्ट तैयार करें। इसी प्रकार से जिला न्यायवादी कार्यालय चिह्नित अपराध के मामलों में कोर्ट में ठोस तरीके से पैरवी करना सुनिश्चित करें। वे मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कान्फ्रेंस सभागार में चिह्नित अपराध की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ऐसे सभी मामलों की गहन और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करे तथा जिला न्यायवादी कार्यालय न्यायालय में मजबूती के साथ पक्ष रखे, ताकि कोई भी अपराधी तकनीकी खामियों का लाभ उठाकर बच न सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल सहित पुलिस विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।




**उकलाना।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

## डीसीएम स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना

डीसीएम स्कूल बिठमड़ा का वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीसीएम के चेयरमैन संजय ने की। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्या मंजू के मार्गदर्शन में आयोजित यह समारोह अनुशासन, रचनात्मकता और सांस्कृतिक गरिमा का अनूठा संगम बना। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता बबली रहीं, जबकि विशेष अतिथि के रूप में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी हिसार रामरतन तथा न्यू यशोदा पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. जगविंदर उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं ने हरियाणवी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, हिमाचली, भांगड़ा, योग, पोपट डांस सहित अनेक रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। इस मौके पर स्टाफ सदस्य गुरमेल , सतीश, रविंदर, जतिन, मनोज सोनी, हरिकेश, रेणु, सुमन, सतपाल आदि मौजूद रहे।

## पेंशन काटकर बुजुर्गों के साथ भद्दा मजाक कर रही सरकार : दलबीर



**हिसार।** ग्रामीणों के साथ उपस्थित इनेलो नेता दलबीर किरमारा। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने कहा है कि प्रदेश सरकार बुजुर्गों की पेंशन रोक कर उनके साथ भद्दा मजाक कर रही है। यही नहीं, किसी भी बुजुर्ग की पेंशन न काटने की बात कहकर मुख्यमंत्री उनके जले पर नमक छिड़क रहे हैं। दलबीर किरमारा मंगलवार को उकलाना हलके के गांवों का दौरा करके उन्हें 20 फरवरी को पंचकूला में होने वाले प्रदर्शन में शामिल होने का न्यौता दे रहे थे। उन्होंने फरीदपुर, खैरी, कंडूल, किनाला, पाबड़ा, किरोड़ी, शंकरपुरा, कुंदनपुरा, मदनपुरा, चमारखेड़ा व दौलतपुर का दौरा किया। उनके साथ बलबीर भांभू, सुभाष किरमारा, सीताराम जाखड़, वेदपाल सिवानी व निहाल सिंह सिवानी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी थे। दलबीर किरमारा ने कहा कि इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में 20 फरवरी को पंचकूला में जोरदार प्रदर्शन करके बुजुर्गों व अन्य पीड़ित वर्गों की आवाज उठाएंगे।

## भैंस चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** शहर थाना पुलिस भैंस चुराकर ले जा रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान उत्तरप्रदेश निवासी राशिद के रूप में हुई है। मुख्य सिपाही बलजीत ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने 8 फरवरी को शेखपुरा निवासी के भैंसों के बाड़े में बंधी एक भैंस व एक झोटी को चुरा कर ले जा रहा था। लेकिन भैंस मालिक द्वारा आवाज लगाने पर आरोपी भैंसों को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। शिकायतकर्ता प्रेम ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह अपने खेत में मकान बनाकर रह रहा है। रात्रि के समय कुछ अज्ञात व्यक्ति उसके खेत में बने भैंसों के बाड़े से एक भैंस व एक झोटी खोलकर ले जा रहे थे। भैंस चोरी करने का अहसास होने पर जब उसने घर बाहर निकल कर देखा तो कुछ लोग उसकी एक भैंस व झोटी को लेकर जा रही थे। जिस पर उसने पीछे से आवाज लगाई तो आरोपी मौके पर भैंसों को छोड़कर फरार हो गए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

उपलब्धि | बिठमड़ा के मेहर सिंह सहरावत परिवार ने रचा शैक्षणिक इतिहास

# एक परिवार के चार सदस्यों ने एक साथ नेट और जेआरएफ की परीक्षा पास कर किया नाम रोशन

- संस्कृत अध्यापिका व परिवार को दिया सफलता का श्रेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना









जिले के गांव बिठमड़ा ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। मेहर सिंह सहरावत परिवार के चार सदस्यों ने एक साथ राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी नेट) एवं जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) उत्तीर्ण कर पूरे देश में गांव का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि अत्यंत दुर्लभ मानी जा रही है। संस्कृत विषय में मार्शल बिठमड़ा ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर जेआरएफ हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय ताऊ विजयपाल, संस्कृत प्राध्यापिका अनीता देवी, सुग्रीव शास्त्री तथा पूरे परिवार को दिया।

विजय बिठमड़ा के प्रयासों से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिठमड़ा में आधुनिक कक्षाए, ज्ञानवर्धक प्रश्नोंत्तर पट्टिकाएं तथा सांस्कृतिक गतिविधियों की सुविधाएं विकसित हुईं। उनके मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान विषय में 6 विद्यार्थियों ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए और विद्यालय का परिणाम लगभग शत-प्रतिशत रहा। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि एक परिवार, चार राष्ट्रीय सफलताएं और शिक्षा का नया इतिहास। राजनीति विज्ञान विषय में प्राध्यापक विजय बिठमड़ा ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा व जेआरएफ उत्तीर्ण किया। उनके पुत्र विश्वास बिठमड़ा ने देशभर में 10वां स्थान तथा रोबिन बिठमड़ा ने 25वां स्थान प्राप्त किया। सभी ने प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गाजूवाला (फतेहाबाद) से प्राप्त की और बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में अध्ययन किया। मार्शल ने हिंदू महाविद्यालय, रोबिन ने किरोड़ीमल महाविद्यालय व विश्वास ने रामजस महाविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त की।

### डॉ. साहू ने 'पैनल प्रतिगमन का परिचय' पर दिया व्याख्यान

- लाभ और उपयोग पर डाला प्रकाश

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के सौजन्य से "परिमाणात्मक अर्थशास्त्र एवं इसके आर्थिक अनुप्रयोग" विषय पर चल रही 4 दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन उन्नत अर्थमितीय तकनीकों पर केंद्रित सत्र आयोजित किए गए। प्रथम तकनीकी सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के डॉ. अज्जेत साहू ने "पैनल प्रतिगमन का परिचय" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने पैनल डेटा मॉडल की अवधारणात्मक पृष्ठभूमि, इसके लाभ व अनुभवजन्य आर्थिक अनुसंधान में इसके उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला।